p>

Title: Request to give the status of ST category to Gorkha people living in Darjeeling.

**श्री राजू बिष्ट :** एग्री सर । बस आधा मिनट ज्यादा लूंगा । गोरखाओं के साथ हमेशा अन्याय होता रहा है । हालांकि इस सरकार से हमें बहुत उम्मीदें हैं । मैं आपको कहना चाहूंगा, मेरे पास वर्ष 1941 की सेंसस की एक रिपोर्ट है, जिसके अंतर्गत सारे गोरखा हिल ट्राइब्ज़ के नाते जाने जाते थे, परन्तु वर्ष 1951 में बिना कारण गोरखाओं का यह अधिकार छीन लिया गया । इसके लिए गोरखाओं के साथ कोई परामर्श भी नहीं किया गया । इस ऐतिहासिक भूल को ठीक करने के लिए बीजेपी ने वर्ष 2016 में इसकी पहल की और प्रधान मंत्री जी ने स्वयं इसका आश्वासन दिया । इसके लिए वर्ष 2016 से अब तक तीन कमेटियाँ बनाई गई हैं, परन्तु अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ । एसटी कैटेगरी से वंचित होने के कारण जो गोरखा नॉर्थ ईस्ट, दार्जिलिंग, तराई, डुअर्स और देश के अन्य हिस्सों में रहते हैं, उनको बार-बार हैरस और प्रताड़ित होना पड़ता है ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से यह माँग करता हूँ कि यह जो प्रक्रिया है, इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाए । गोरखाओं को उनका अधिकार मिले, क्योंकि बार-बार यह जो सीएबी, एनआरसी के विषय आते हैं, तो गोरखाओं का जरूर हैरसमेंट होता है । मैं चाहता हूँ कि वे अपने आपको और सुरक्षित महसूस कर सकें । देश के लिए गोरखाओं का बहुत योगदान है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**HON. CHAIRPERSON :** Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Raju Bista.